University in News on 06 June 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा नौ को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा नौ जून को कराई जाएगी। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी पांचों जिलों हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर व लखनऊ में 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में इन जिलों के परीक्षा केंद्रों पर 12857 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय करवा रहा है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं जो विवि की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अकेले लखनऊ में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां पर 7328 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। (संवाद)

लविवि के 26 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

लखनऊ। लविवि के 26 विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी मिली है। ये सभी इंजीनियरिंग संकाय के विद्यार्थी हैं जिन्हें जेबीएम ग्रुप कंपनी ने अवसर दिया है। सभी का चयन उनकी प्रतिभा और योग्यता के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है। इन्हें सालाना तीन लाख तक भुगतान किया जाएगा। सभी को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

NBT PAGE 5

26 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय से 26 स्टूडेंट्स का बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट हुआ। इंजिनियरिंग संकाय के प्रो. एके सिंह और प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक में इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग के 8 और मैकेनिकल इंजिनियरिंग के 18 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है। इसमें श्वेता तिवारी, नंदिनी जायसवाल, विशाल पांडेय, हर्ष मिश्रा, प्रभा मिश्रा, विनय वर्मा, कबीर कांत पाल, स्नेहा गुप्ता, प्रशांत राणा, आदर्श सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, रजत मौर्य, अनन्या शुक्ला, अनिल कुमार, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, ऋषि तिवारी, अभिजीत सिंह, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेंद्र प्रताप सिंह, दीपाली सिंह, हर्षित सिंह एवं कपिल देव यादव शामिल हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई दी। चयनित स्टूडेंट्स छह महीने ऑन जॉब ट्रेनिंग पर रहेंगे।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू में 551 पौधे लगाए गए एकेटीयू कुलपति ने रोपा पौधा

एलयू में कुलपति आलोक कुमार राय ने पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर एलयू, एकेटीयू और पुनर्वास विवि समेत शहर के कई कॉलेजों और संस्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर सेमिनार भी हुए।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने कैलाश हॉल में पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद तिलक छात्रावास में प्रवोस्ट डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, सीएसए में डॉ. अलका मिश्रा समेत कई अन्य ने अपने विद्यार्थियों संग पौधरोपण किया। भूमि एवं उद्यान विभाग अधीक्षक प्रो. एसएन पांडेय, डॉ. शुब्हान आलम, डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में कई तरह के फलदार, सजावटी व औषधीय गुणों वाले कुल 551 पौधों का रोपण कराया।

एकेटीयू में आम, चंदन, बेल के पौधे रोपे : एकेटीयू परिसर में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अगुवाई में आम, अमरूद, चंदन, बेल, जामुन सहित अन्य फलदार और छायादार पौधों को रोपा गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने और बनाने का संकल्प लेना होगा।

पुनर्वास विवि में पौधे लगाए: डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से पौधे लगाए गए।

अब 27 सेंटर्स पर होगा यूपी बीएड एंट्रेंस एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी की सम्बद्ध पांच जिलों में सेंटर और स्टूडेंट्स की संख्या

LUCKNOW (5 June) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए केंद्रों की अपडेट सूची जारी की है. पहले पांच जिलों में 33 केंद्र बनाए गए थे. अब यह संख्या घटकर 27 हो गई है. इसमें लखनऊ के 15, हरदोई तीन, सीतापुर दो, रायबरेली तीन और लखीमपुर खीरी में चार केंद्र शामिल हैं.

एंट्रेंस एग्जाम का टाइम

पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी. इसमें सामान्य ज्ञान एवं भाषा (अंग्रेजी/हिंदी) की परीक्षा होगी. दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक अभिरुचि परीक्षण एवं विषय योग्यता (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि) की परीक्षा होगी. प्रवेश परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था होगी. प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा. प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक मिलेंगे. प्रत्येक गलत उत्तर पर कुल दो अंक का 1/3 भाग काट लिया जाएगा. अनुत्तरित प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिए जाएंगे.

जिलेवार स्टूडेंट्स की संख्या

लखनऊ	7328
हरदोई	1549
रायबरेली	1284
सीतापुर	979
लखीमपुर खीरी	1717
कुल छात्र संख्या	12,857

बुंदेलखंड विवि को जिम्मेदारी

इस बार यूपी बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी गई है. लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पांच जिलों में 12,857 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे.

i-NEXT PAGE 5

एलयू के 26 स्टूडेंट्स का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

LUCKNOW (5 June) : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 26 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट जेबीएम ग्रुप में हुआ है. प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आइसीजे की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जेबीएम ग्रुप कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आठ, बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 विद्यार्थियों का चयन किया है. कंपनी ने छात्रों को छह माह की आन जाब ट्रेनिंग के दौरान 20 हजार प्रति माह एवं छह माह बाद परफारमेंस के आधार पर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर तीन लाख रुपये सालाना पैकेज आफर किया है.

एलयू : कैडेट्स से मिले ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा

LUCKNOW (5 June) : लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन में बुधवार को एडम निरीक्षण का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एसके धवन एवं कमांडिंग आफिसर कर्नल पीपीएस चौहान उपस्थित रहे. उन्हें गार्ड आफ आनर से सम्मानित किया गया. ग्रुप कमांडर ने शस्त्रशाला, कार्यालय के साथ संपूर्ण बटालियन का निरीक्षण किया. वह कैडेट्स से मिले. सभी को एनसीसी की उपयोगिता, करियर विकास, सेना में आफिसर भर्ती के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर 64 यूपी एनसीसी बटालियन लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी आफिसर डा. रजनीश कुमार यादव, सूबेदार मेजर भूपेंद्र सिंह, नायब सूबेदार राम कृष्णा तिवारी सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे.

पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश का परिणाम

LUCKNOW (5 June) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह और विषयों में पार्ट टाइम पीएच.डी प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी. इनमें वेस्टर्न हिस्ट्री, सांख्यिकी, अप्लाइड इकोनामिक्स, केमिस्ट्री, बाटनी व जूलाजी विषय शामिल हैं. अभ्यर्थी अपनी लागिन आइडी के माध्यम से गुरुवार को दोपहर दो बजे से फीस जमा कर सकेंगे. अंतिम तिथि 12 जून तय की गई है.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : अब 27 केंद्रों पर होगी यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ जून को होने वाली उत्तर प्रदेश बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए केंद्रों की अपडेट सूची जारी की है। पहले पांच जिलों में 33 केंद्र बनाए गए थे। अब यह संख्या घटकर 27 हो गई है। इसमें लखनऊ के 15, हरदोई तीन, सीतापुर दो, रायबरेली तीन और लखीमपुर खीरी में चार केंद्र शामिल हैं।

इस बार यूपी बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पांच जिलों में 12,857 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा का समय : पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसमें सामान्य ज्ञान एवं भाषा (अंग्रेजी/हिंदी) की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक अभिरुचि परीक्षण एवं विषय योग्यता (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि) की परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था होगी। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक मिलेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर पर कुल दो अंक का 1/3 भाग काट लिया जाएगा। अनुत्तरित प्रश्न पर कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की सम्बद्ध पांच जिलों में केंद्र और छात्र संख्या

जिलेवार छात्र संख्या

लखनऊ	7328
हरदोई	1549
रायबरेली	1284
सीतापुर	979
लखीमपुर खीरी	1717
कुल छात्र संख्या	12,857

लवि के 26 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 26 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट जेबीएम ग्रुप में हुआ है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आइसीजे की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जेबीएम ग्रुप कंपनी ने बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आठ, बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 विद्यार्थियों का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को छह माह की आन जाब ट्रेनिंग के दौरान 20 हजार प्रति माह एवं छह माह बाद प्रदर्शन के आधार पर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर तीन लाख का पैकेज आफर किया है। (जासं)

सम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बी.एड सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत गुरुवार से होगी। यह परीक्षाएं लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली मिलाकर 78 केंद्रों पर होंगी। 18 नोडल सेंटर भी बनाए गए है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षाओं में 16 से 17 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। (जासं)

लवि : कैडेट्स से मिले ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन में बुधवार को एडम निरीक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एसके धवन एवं कमांडिंग आफिसर कर्नल पीपीएस चौहान उपस्थित रहे। उन्हें गार्ड आफ आनर से सम्मानित किया गया। ग्रुप कमांडर ने शस्त्रशाला, कार्यालय के साथ संपूर्ण बटालियन का निरीक्षण किया। वह कैडेट्स से मिले। सभी को एनसीसी की उपयोगिता, करियर विकास, सेना में आफिसर भर्ती के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर 64 यूपी एनसीसी बटालियन लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी आफिसर डा. रजनीश कुमार यादव, सूबेदार मेजर भूपेंद्र सिंह, नायब सूबेदार राम कृष्णा तिवारी सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

छह विषयों में पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह और विषयों में पार्ट टाइम पीएच .डी प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी। इनमें वेस्टर्न हिस्ट्री, सांख्यिकी, अप्लाइड इकोनामिक्स, केमिस्ट्री, बाटनी व जूलाजी विषय शामिल हैं। अभ्यर्थी अपनी लागिन आइडी के माध्यम से गुरुवार को दोपहर दो बजे से फीस जमा कर सकेंगे। अंतिम तिथि 12 जून तय की गई है। इससे पहले बीते 15 अप्रैल तक छह विषयों के परिणाम जारी किए जा चुके हैं।

PIONEER PAGE 3

पर्यावरणीय मुद्दों को बनाएं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को राजधानी स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि, लखनऊ विवि, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। एकेटीयू में कुलपति प्रो जेपी पांडेय के नेतृत्व में आम, अमरूद, चंदन, बेल, जामुन सहित अन्य फलदार और छायादार पौधों को रोपा गया। कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें पर्यावरण बचाने और बनाने का संकल्प लेना होगा। हमारे आस-पास जो पेड़ हैं उनकी देखभाल के साथ ही खाली जगहों पर पौधे लगाने होंगे। जिससे कि आने वाले समय में वृक्ष रूप में हरियाली आ सके। कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण का संदेश दिया। कहा कि परिसर को हरा-भरा करने के लिए खाली जगहों को चिह्नित कर और भी पौधे लगाये जाएंगे। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विवि में विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में भूमि पुर्नस्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के पूर्व उपकुलपति प्रो अवध प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रो नवीन कुमार अरोरा द्वारा बायोएक्टिव माइक्रोबियल मेटाबोलाइट्स (संभावनाएं एवं चुनौतियां) विषय पर संपादित पुस्तक का विमोचन किया गया। मंच संचालन डॉ राजवी द्वारा किया गया। ग्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के पूर्व उपकुलपति प्रो अवध प्रकाश ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरणीय मुद्दों को स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिये, जिसमें थ्योरी के साथ- साथ प्रैक्टिकल को भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। साथ ही पर्यावरण ? एक अमानत के समान है, इसीलिए माइक्रो स्तर पर आगे बढ़कर इसे संरक्षित करने के लिए कदम उठाने होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो. राणा प्रताप सिंह ने चर्चा के दौरान कहा, कि विभिन्न समस्याओं के लिए विवि स्तर पर पर्यावरण आधारित समाधानों को खोजना चाहिए। सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी डॉ उमा शंकर सिंह ने पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित विभिन्न आंकड़ों को बताते हुए कहा, कि कार्बन उत्सर्जन के स्रोत लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं एवं कार्बन सिंक के स्रोत घट रहें हैं, जो कि एक गंभीर समस्या है। हम सभी को मिलकर पर्यावरणीय मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करने के लिए प्रयास करने चाहिए। पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रो शिखा ने पर्यावरणीय को बचाने के विभिन्न तरीकों का जिक्र किया। साथ ही कार्यक्रम समन्वयक प्रो नवीन कुमार अरोरा ने ग्लोबल वार्मिंग, भूमण्डलन आदि समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में डॉ राजेश सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। भूमि एवं उद्यान विभाग, लविवि ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विवि के दोनों परिसरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। अधीक्षक भूमि एवं उद्यान विभाग प्रो. एस. एन. पांडे ने और डॉ. शुब्हान आलम, डॉ. अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में अनेक प्रकार के फलदार, सजावटी व औषधीय गुणों वाले कुल 551 पौधों का रोपण कराया एवं भविष्य में उनकी लंबे अवधि तक देखभाल की व्यवस्था की गई।

● पर्यावरण दिवस पर शिक्षण संस्थानों में किया गया पौधरोपण

64 यूपी बटालियन एनसीसी का लविवि में एडम निरीक्षण

लखनऊ। लविवि के 64 यूपी बटालियन में बुधवार को एडम निरीक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि लखनऊ ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा एवं 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस के धवन एवं कॉमांडिंग ऑफिसर कार्नल पीपीएस चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में समूह कमांडर को दो पायलट्स लेकर आए और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस.के. धवन ने बटालियन का परिचय दिया एवं कमांडिंग अधिकारी पी पी एस चौहान ने बटालियन में पिछले एक वर्ष में जो भी गतिविधियां कराई गई उसका सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया तथा साथ ही साथ 64 यू पी बटालियन ने पूरे वर्ष में प्राप्त होने वाली उपलब्धियों की जानकारी ग्रुप कमांडर को प्रस्तुत कराई। ग्रुप कमांडर ने शस्त्रशाला, कार्यालय के साथ संपूर्ण बटालियन का निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर कैडेट्स से मिले और सभी को एन सी सी की उपयोगिता, कैरियर विकास, सेना में ऑफिसर भर्ती तथा सम्पूर्ण जीवन में एनसीसी की उपयोगिता को बताकर उनके मनोबल को बढ़ाया। 64 यूपी एनसीसी बटालियन लखनऊ विवि के एनसीसी ऑफिसर डॉ रजनीश कुमार यादव, सूबेदार मेजर भूपेंद्र सिंह, ट्रेनिंग जेसिओ नायब सूबेदार राम कृष्णा तिवारी, बटालियन का अन्य ट्रेनिंग स्टॉफ, सिविल स्टाफ तथा एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

छात्र और शिक्षकों ने लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध आयोजन हुए। पौध रोपण के साथ योग अभ्यास कराए गए। विशेषज्ञों की ओर से जागरूकता संबंधी जानकारियां भी साझा की गईं।

लविवि में छात्राओं को पढ़ाया पर्यावरण का पाठ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पौधरोपण कर छात्राओं को पर्यावरण शुद्ध बनाए रखने के लिए विशेष सावधानियों से अवगत कराया। इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, प्रोवोस्ट प्रो. बबिता जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

लखनऊ विवि में पौधरोपण करते कुलपति व अन्य। फोटो : अमृत विचार

भाषा विवि में संगोष्ठी : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीराम

1 लाख 27 हजार 506 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया गया। तीन पालियों में आयोजित परीक्षा में 1 लाख 27 हजार 506 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली में 75 हजार 218 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दूसरी पाली में 26 हजार 88 उपस्थित रहे। वहीं अंतिम पाली में उपस्थित छात्रों की संख्या 26 हजार 200 रही। 1090 छात्र अनुपस्थित रहे।

लविवि: एमबीए के परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए और एमपीएच के परीक्षाफल घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि लविवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में चतुर्थ सेमेस्टर में शामिल परीक्षार्थियों के परीक्षाफल घोषित कर दिये गए है। परीक्षा परिणामों का संपूर्ण विवरण विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लखनऊ विवि में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर व अन्य। अमृत विचार

लविवि : कैडेट्स को बताई गई एनसीसी की उपयोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन में एडम निरीक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर, 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी व कमांडिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुरू में समूह कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। कमांडिंग अधिकारी पीपीएस चौहान ने बटालियन में पिछले एक वर्ष में कराई गईं गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने कैडेट्स को एनसीसी की उपयोगिता, कैरियर विकास, सेना में ऑफिसर भर्ती की जानकारी दी।

बीएड परीक्षा में शामिल होंगे 12,857 परीक्षार्थी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय बीएड प्रवेश परीक्षा 9 जून को आयोजित कराने जा रहा है। परीक्षा लखनऊ सहित पांच जनपदों में आयोजित होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि प्रवेश परीक्षा लखनऊ के अलावा हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में आयोजित होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 में कुल 12 हजार 857 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसको लेकर हरदोई और रायबरेली में तीन-तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ में परीक्षा केंद्रों की संख्या 15 है। सीतापुर में दो और लखीमपुर में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

लविवि के 26 छात्रों को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 26 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रोजगार के अवसर मिले हैं। चयन प्रक्रिया जेबीएम ग्रुप की ओर से आयोजित की गई।

लविवि के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आठ व बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया है। कंपनी छात्रों को रोजगार देने के साथ छह माह की ऑन जॉब ट्रेनिंग में 20 हजार रुपये प्रति माह देगी।

इसी के साथ ही कंपनी ने छह माह बाद ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है। लखनऊ विवि के छात्रों के बीच बढ़ते रोजगार को लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

पाचन संबंधी रोगों से निपटने के लिए सन्तुलित आहार जरूरी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्विद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में विश्व पर्यावरण

लविवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर सेमिनार

दिवस के अवसर पर अलीगंज स्थित नेहरू बाल वाटिका में वज्रासन के अभ्यास के साथ वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा अलीगंज स्थित नगरीय सामुदायिक केंद्र खाद्य औषधि प्रसाधन के प्रांगण और लविवि के द्वितीय परिसर जानकीपुरम में भी वृक्षारोपण किया गया। जिसमें योग फैकल्टी की छात्राएं रोमा हेमवानी, मोनिका सिंह, अनामिका चौधरी, पूर्णिमा सरकार, सविता रंजन,प्रीति मनुज, अर्चना वर्मा, नम्रता मिश्रा, मधु त्रिपाठी, व्याख्या सिंह, स्वेतालिका नायक, पीयूष तिवारी, वर्षा, प्रतीक केसरवनी, प्रिया मिश्रा, आयुष शर्मा, आशा राजवंशी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता अशोक कुमार सोनकर कॉर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव तथा विभाग के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रातः 9 बजे से योग फैकल्टी के योग हॉल में पाचन संस्थान के रोगों में योग की भूमिका विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता योगाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि पाचन संस्थान शरीर की क्रियात्मक इकाई है इसलिए इसका स्वस्थ्य रहना अनिवार्य है। पाचन संस्थान रोगों के प्रबंधन के लिए सन्तुलित आहार, आदर्श जीवनशैली के साथ वज्रासन, पवनमुक्तासन, मयूरसान, तथा प्राणायाम में नाड़ी शोधन, कपालभाति प्रमुख है। इन्होंने बताया कि प्रकृति एक बहुत बड़ी चिकित्सक है जिस मौसम में जो बीमारियां होने वाली होती है प्रकृति उस मौसम की बीमारियों का उपचार उस मौसम में होने वाली सब्जियों और फल में भेज देती है। इसलिए मौसमी फल और सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए।

एलयू के 26 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 26 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट जेबीएम ग्रुप में हुआ है। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय के प्लेसमेंट सेल एवं आईसीजे द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जेबीएम ग्रुप कंपनी ने बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 8 छात्रों में श्वेता तिवारी, नंदिनी जायसवाल, विशाल पांडेय, हर्ष मिश्रा, प्रभा मिश्रा, विनय वर्मा, कबीर कांत पाल, स्नेहा गुप्ता एवं बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 छात्रों में प्रशांत राणा, आदर्श सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, रजत मौर्य, अनन्या शुक्ला, अनिल कुमार, सूरज राठौर, रोहित द्विवेदी, विवेक, अभिषेक यादव, ऋषि तिवारी,अभिजीत सिंह, प्रिंस जायसवाल, आयुष चौधरी, दीपेन्द्र प्रताप सिंह, दिपाली सिंह, हर्षित सिंह, कपिल देव यादव का चयन किया है। कंपनी ने छात्रों को छः माह की ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान 20 हजार प्रति

माह एवं छः माह बाद परफॉरमेंस के आधार पर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

लविवि में औषधीय गुणों वाले 551 पौधों का रोपण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण, व्याख्यान और ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। लविवि के भूमि एवं उद्यान विभाग ने संस्थान के दोनों परिसरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। अधीक्षक भूमि एवं उद्यान विभाग प्रो.एसएन पांडे और डॉ.शुब्हान आलम, डॉ.अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने विवि के दोनों परिसरों में अनेक प्रकार के फलदार, सजावटी व औषधीय गुणों वाले कुल 551 पौधों का रोपण कराया एवं भविष्य में उनकी लंबे अवधि तक देखभाल की व्यवस्था की गई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संगीता साहू, प्रो.गीतांजलि मिश्रा (डीन एकेडमिक्स)की उपस्थिति में कई शिक्षकों, छात्रों, एनसीसी कैडेट और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इसी क्रम में प्रो.एसएन पांडे, अधीक्षक भूमि एवं उद्यान विभाग ने क्लीन एंड ग्रीन इन्वायरनमेंट सोसाइटी तथा विज्ञान भारती (अवध प्रांत)के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण पर एक सेमिनार का आयोजन किया। संगोष्ठी में विशिष्ट वैज्ञानिक, पर्यावरणविद डॉ. एस.सी. शर्मा, एनबीआरआई एवं आशुतोष सिंह, विज्ञान भारती (अवध प